बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर M/s. जीवन निर्माण फाउंडेशन को KYP code 06050060 आवंटित किया गया था।

M/s. जीवन निर्माण फाउंडेशन KYP code 06050060 के संबंध में जिला कौशल प्रबंधक पटना के द्वारा उनके केन्द्र भ्रमण की तिथि दिनांक 19.07.2019 एवं 05.08.2019 को बिना सूचना के केन्द्र के बंद रहने एवं केन्द्र संचालक के द्वारा केन्द्र के भवन का किराया एवं LF का भुगतान नहीं किये जाने का प्रतिवेदन बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध कराया गया। उक्त आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा दिनांक– 10.08.2019 से केन्द्र पर नामांकन लिए जाने पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी गई।

उक्त के संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा संस्था से स्पष्टीकरण पूछा गया था। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में संस्था के द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया है। फलस्वरुप संस्था को स्मार पत्र दिया गया। स्मार पत्र दिये जाने के बावजूद संस्था के द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया।

संस्था के उक्त कृत से स्वतः स्पष्ट है कि संस्था को इस संबंध में कुछ भी नहीं कहना है।

अतएव M/s. जीवन निर्माण फाउंडेशन को उन्हें आवंटित SDC KYP code 06050060 जिला–पटना का आवंटन स्थायी तौर पर रद्द किये जाने का आदेश दिया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

11/11/20

(चन्द्रशेखर सिंह)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक– BSDM/SDM–26/2018 – 750 पटना, दिनांक– 11/11/2020

प्रतिलिपि– **(1)** M/s जीवन निर्माण फाउंडेशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी/ जिला कौशल प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/ सहायक निदेशक, नियोजन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) प्रधान सचिव सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। ।

11/11

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।